बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी प्रतिभाग करेगी। चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। चुना गया। ब्यूरो

# खादी बोर्ड के अधिकारी सीखेंगे व्यापार की बारीकियां

## सेक्टर-62 स्थित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) में मिलेगा प्रशिक्षण

**ऋषभ कौशल**

**नोएडा।** यूपी में खादी वस्त्रों के उद्योग को बढ़ावा देने के लिए निसबड यूपी के अधिकारियों को प्रशिक्षित करेगा। इसके लिए खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारी प्रशिक्षण लेंगे।

### युवाओं में लोकप्रिय बनाने की तैयारी

निसबड के सीनियर कंसल्टेंट डीके सिंह ने बताया कि आम तौर पर खादी के वस्त्र और उपयोग के मामले में मंत्री, नेता आगे हैं, लेकिन युवा वर्ग में अभी खादी वस्त्रों की कमी देखी गई है। युवाओं के बीच भी इसे कैसे लोकप्रिय बनाया जाए, इस पर मंथन किया जाएगा।

> “निसबड खादी को बढ़ावा देने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र करता है। इसके माध्यम से खादी से तैयार वस्तुओं, वस्त्रों के उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बारीकियां सिखाई जाती हैं। **-डॉ. पूनम सिन्हा, निदेशक, निसबड, नोएडा**

भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीन सेक्टर-62 स्थित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) उत्तर प्रदेश सरकार के खादी के उद्योग को बढ़ाने में अपना योगदान देगा। इसके लिए खादी को हर घर तक पहुंचाने के साथ साथ उद्यमियों को खादी पर अपना निवेश करने के साथ ही उपयोगिता को बढ़ाने व नए नए वस्तुओं को तैयार करने के तौर तरीकों और बारीकियों को सिखाएगा।

एक बैच में खादी बोर्ड के अधिकतम 20 अधिकारियों को शामिल किया जा सकेगा। निसबड की कंसल्टेंट निधि ठाकुर ने बताया कि अधिकारी खादी वस्त्रों के उत्पादन, प्रचार-प्रसार और विपणन की बारीकियां सीखेंगे। इसका उद्देश्य प्रदेश में खादी उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना और स्थानीय कारीगरों को अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। खादी के इतिहास, उत्पादन तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण, ब्रांडिंग, और आधुनिक बाजार की मांगों के अनुरूप रणनीतियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।